सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 183 इंदौर, शुक्रवार 16 जनवरी, 2026 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## हिंदू का घर जला दिया, परिवार मुश्किल से भागा; बांग्लादेश में अब शिक्षक बने निशाना

**ढाका, (एजेंसी)** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमलों का दौर जारी है। अब खबर है कि मुल्क में एक हिंदू शिक्षक के घर में आग लगा दी गई। फिलहाल, वजह साफ नहीं हो सकी है, लेकिन इस घटना ने स्थानीय अल्पसंख्यक समुदाय के मन में नया डर पैदा कर दिया है। बीते साल अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद बड़े स्तर पर हिंदू समुदाय के ठिकानों पर हमले किए गए थे। न्यूज18 की रिपोर्ट के अनुसार, सिलहट के गोवैनघाट उपजिला में शिक्षक बीरेंद्र कुमार डे के घर को आग के हवाले कर दिया गया। उन्हें झुनु सर के नाम से भी जाना जाता है। इस घटना के बाद से रहवासियों में डर और गुस्से का माहौल है। उन्होंने घटना की गहन जांच की मांग की है। साथ ही समुदाय को बचाने और न्याय दिलाने की भी मांग की है। फिलहाल, जनहानि की खबरें नहीं हैं। साथ ही आरोपी की पहचान भी नहीं हो सकी है।

चलो दिल्ली... चलो दिल्ली... चलो दिल्ली... चलो दिल्ली... चलो दिल्ली... चलो दिल्ली... चलो दिल्ली... चलो दिल्ली... चलो दिल्ली... चलो दिल्ली...




चलो दिल्ली... चलो दिल्ली... चलो दिल्ली... चलो दिल्ली... चलो दिल्ली... चलो दिल्ली... चलो दिल्ली... चलो दिल्ली... चलो दिल्ली... चलो दिल्ली...

### प्रधानमंत्री मोदी से सीएम डॉ. यादव की मुलाकात

# गाडरवारा पावर प्रोजेक्ट के भूमि-पूजन का आमंत्रण

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गुरुवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा स्थित सुपर थर्मल पावर स्टेशन के क्षमता विस्तार परियोजना के भूमि-पूजन कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट के आयोजन, वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाने की योजना, नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड और सांची के बीच हुए सहकारिता अनुबंध की प्रगति तथा प्रदेश में नक्सल विरोधी अभियान की स्थिति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने बताया कि नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में एनटीपीसी लिमिटेड का सुपर थर्मल पावर स्टेशन संचालित है। ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार ने 1600 मेगावॉट (स्टेज-2, 2×800 मेगावॉट) क्षमता विस्तार को मंजूरी दी है। इस परियोजना की कुल लागत 20 हजार 446 करोड़ रुपये है और इसे वर्ष 2029-30 तक पूरा करने का लक्ष्य है। यह परियोजना आधुनिक अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल तकनीक पर आधारित होगी। इसमें एयर कूल्ड कंडेंसर तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिससे पारंपरिक कूलिंग टॉवर की तुलना में पानी की खपत लगभग एक-तिहाई कम होगी।



### वर्ष 2026 : कृषक कल्याण वर्ष

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि मध्यप्रदेश सरकार वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मना रही है। इसका उद्देश्य ''समृद्ध किसान – समृद्ध प्रदेश'' के लक्ष्य को हासिल करना है। वर्ष 2025 को प्रदेश में 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' के रूप में मनाया गया। कृषक कल्याण वर्ष के तहत जनवरी 2026 से नवंबर 2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का विस्तृत कैलेंडर तैयार किया गया है। सभी योजनाएं तीन वर्ष के लक्ष्य के साथ लागू की जाएंगी, जिनमें 16 से अधिक विभाग शामिल रहेंगे। इस दौरान प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा, शीघ्र नाश होने वाली फसलों वाले क्षेत्रों में फूड पार्क और फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जाएंगी। कृषि आधारित उद्योगों को सब्सिडी देकर प्रोत्साहित किया जाएगा और किसानों की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। सरकार अगले तीन वर्षों में 30 लाख किसानों के खेतों में सोलर पंप लगाने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

### नक्सल मुक्त मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि मार्च 2026 तक नक्सल समस्या खत्म करने के लक्ष्य को पूरा करते हुए मध्यप्रदेश ने 'नक्सल मुक्त प्रदेश' का दर्जा हासिल कर लिया है। अब मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ (एमएमसी) जोन में भी कोई सक्रिय सशस्त्र नक्सली नहीं बचा है। वर्ष 2025 में प्रदेश में 10 सशस्त्र नक्सली मारे गए, जिन पर 1.46 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। वहीं 13 नक्सलियों ने हथियारों सहित आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित नक्सलियों से पूछताछ कर उनके नेटवर्क, समर्थकों और फंडिंग की जानकारी जुटाई जा रही है। नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्रों के विकास के लिए 100 अत्यधिक प्रभावित गांवों का माइक्रो डेवलपमेंट प्लान तैयार किया गया है। युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बालाघाट में बस्तर ओलंपिक की तर्ज पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

### अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट

मुख्यमंत्री ने बताया कि 25 दिसंबर 2025 को ग्वालियर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट का आयोजन किया गया। समिट का शुभारंभ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया। इस अवसर पर 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक लागत की औद्योगिक और निर्माण इकाइयों का सामूहिक भूमि-पूजन किया गया। साथ ही 5,810 करोड़ रुपये की लागत से औद्योगिक और सड़क विकास परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ।

### ● एक्सपोर्ट प्रिपेयर्डनेस इंडेक्स में मध्यप्रदेश की उपलब्धि

# नीति आयोग की EPI-2024 रैंकिंग में टॉप-10 में पहुंचा प्रदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** नीति आयोग द्वारा जारी निर्यात तत्परता सूचकांक (Export Preparedness Index – EPI) 2024 में मध्यप्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। प्रदेश ने देश के 17 बड़े राज्यों में 9वां स्थान हासिल करते हुए खुद को टॉप-10 राज्यों में शामिल किया है। 57 अंकों के साथ मध्यप्रदेश 'चैलेंजर' श्रेणी में शामिल हुआ और इस श्रेणी में पहला स्थान प्राप्त किया।

नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार चैलेंजर श्रेणी में शामिल राज्यों हरियाणा, केरल और पश्चिम बंगाल को पीछे छोड़ते हुए मध्यप्रदेश ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। हरियाणा को 55.01, केरल को 53.76 और पश्चिम बंगाल को 53.03 अंक मिले, जबकि मध्यप्रदेश ने 57 अंक हासिल किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता राज्य की निर्यात-अनुकूल नीतियों, व्यापार सुगमता में सुधार और उद्योग प्रोत्साहन प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सरकार निर्यात



को आर्थिक विकास का प्रमुख आधार मानते हुए कार्य कर रही है और आने वाले वर्षों में प्रदेश को 'लीडर' श्रेणी में लाने का लक्ष्य है।

### 70 संकेतकों पर हुआ मूल्यांकन

EPI-2024 में राज्यों का मूल्यांकन चार प्रमुख स्तंभों निर्यात अवसंरचना, व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र, नीति एवं शासन और निर्यात प्रदर्शन—के अंतर्गत 70 संकेतकों के आधार पर किया गया। इन सभी क्षेत्रों में मध्यप्रदेश ने संतुलित और निरंतर सुधार दर्ज किया है। प्रदेश के निर्यात में बीते वर्षों में सतत वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में जहां निर्यात 47,959 करोड़ रुपये था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 66,218 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

# दूषित पानी से 24वीं मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा दूषित पानी कांड के मामले में गुरुवार को एक और मौत हो गई। जिससे मृतकों की संख्या अब 24 हो गई है। भागीरथपुरा में रहने वाली सुभद्राबाई पति बसंतराव पंवार (78) की एक प्राइवेट हॉस्पिटल में सुबह मौत हो गई। बेटे मनीष ने बताया कि 26 दिसंबर को दूषित पानी पीने के बाद मां की हालत बिगड़ी थी। उन्हें काफी**



**उल्टी-दस्त हुए थे। 28 दिसंबर को उन्हें चरक हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था।**

31 दिसंबर को डिस्चार्ज करने के दौरान एक हफ्ते की मेडिसिन दी गई थी लेकिन पांचवें दिन उनकी हालत फिर खराब हो गई। उन्हें 8 जनवरी को चरक हॉस्पिटल और फिर शैल्बी हॉस्पिटल में ले गए तो से उन्हें दूसरे हॉस्पिटल रेफर करने की सलाह दी। इस पर इसी दिन उन्हें मेट्रो हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था, जहां गुरुवार को उनकी मौत हो गई।

परिजन का कहना है कि उन्हें ब्लड प्रेशर, डायबिटीज सहित कोई बीमारी नहीं थी। मनीष ने बताया कि 25 दिसंबर पत्नी प्रिया की भी उल्टी-दस्त होने के कारण तबीयत खराब हो गई थी। इस पर उन्हें वर्मा हॉस्पिटल में एडमिट किया था। उन्हें 29 दिसंबर को डिस्चार्ज किया गया जबकि एक दिन पूर्व मां की हालत खराब हुई। मनीष का कहना है कि मां के इलाज में डेढ़ लाख रु. और पत्नी के इलाज में भी 38 हजार रु. खर्च हुए हैं।

## वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण जोशी को रोटरी क्लब ने सम्मानित किया




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एक गरिमामय समारोह में वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक प्रवीण जोशी को रोटरी इंटरनेशनल क्लब ने सम्मानित किया। रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा, अनन्त हातिम क्लब अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल, सचिव पुरुषोत्तम वाघमारे ने प्रवीण जोशी को मोमेंटो प्रदान कर और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। पत्रकार जोशी को यह सम्मान पत्रकारिता में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. डीके तनेजा, समाजसेवी कमलकिशोर भुराडिया, अर्चना चोपड़ा, सीए श्याम खंडेलवाल, विनोद नेमा, रमेश तिवारी, विशेष रूप से उपस्थित थे। वाघमारे ने बताया कि प्रवीण जोशी भाषाई पत्रकारिता के क्षेत्र में गत चार दशकों से सक्रिय है और इस दौरान उन्होंने कई पत्र- पत्रिकाओं का संपादन किया और यह क्रम अब भी जारी है। इस उपलब्धि पर अनेक इष्ट मित्रों ने प्रवीण जोशी को बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की।

## प्रिंस यशवंतराव होलकर मणिकर्णिका घाट पहुंचे, मूर्तियों की पूजा की



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** वाराणसी के विश्वप्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट के एक हिस्से को तोड़ा जा रहा है। यहां रखी मूर्तियों में भी टूट-फूट हुई है। यह जानकारी लगने के बाद खासगी देवी अहिल्याबाई होलकर चैरिटीज ट्रस्ट के प्रेसीडेंट यशवंतराव होलकर तृतीय आज घाट पर पहुंचे। उन्होंने प्रतिमाओं की पूजा कर सफेद कपड़े से ढंक दिया ताकि उन्हें नुकसान न पहुंचे। उन्होंने वाराणसी के निगमायुक्त, संभागायुक्त और अन्य अफसरों से मुलाकात कर वस्तुस्थिति बताई। यशवंतराव होलकर ने कहा कि क्षतिग्रस्त मूर्तियां हमें सौंप दी जाए, ताकि हम उन्हें यहां फिर से स्थापित कर सकें, जिससे लोगों की श्रद्धा बनी रहे। वाराणसी के कलेक्टर सत्येंद्र ने कहा कि घाट की मूर्तियों को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। उन्हें सुरक्षित रखा गया है। कुछ लोग AI से घाट के गलत वीडियो बनाकर जारी कर रहे हैं। ऐसे लोगों को ट्रेस किया जा रहा है। मणिकर्णिका घाट पर अंतिम संस्कार के लिए हर साल लाखों लोग आते हैं। जगह की कमी रहती है और सफाई व्यवस्था बनाए रखने में कठिनाई आती है। उन समस्याओं को देखते हुए परियोजनाओं को विकसित किया गया है।

# आबकारी विभाग ने 5 लाख से अधिक की शराब पकड़ी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार में अवैध मदिरा के परिवहन, भण्डारण एवं क्रय-विक्रय पर प्रभावी कार्रवाई निरन्तर जारी है। कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में वृत्त- काछी मोहल्ला के उप निरीक्षक भगवानदास अहिरवार एवं आबकारी अमले द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई।**

उक्त कार्रवाई क्षेत्र में गश्त के दौरान शंका के आधार सफेद रंग चार पहिया वाहन (क्रमांक-एमपी09सीएफ8801) को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 18 बोतल ओल्ड मौन्क रम विदेशी मदिरा अवैध परिवहन की जा रही थी, जिसे जब्त की गई। वाहन चालक देवेन्द्र पिता ओमकार खण्डेलवाल निवासी 223 खातीवाला टैंक इंदौर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। जब्त मदिरा और वाहन की कुल बाजार मूल्य 5 लाख 12 हजार 600 रुपये कीमत है। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई में आरक्षक सुश्री सीमा भूरिया, योगेश कुमार मोहविया का सराहनीय योगदान रहा।

## सामान्य स्थिति की ओर लौट रहा है भागीरथपुरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में 15 जनवरी को 'अभियान स्वास्थ्यवर्धन' जारी रहा। 48 दलों ने 715 घरों का सर्वे कर 2087 नागरिकों की विभिन्न जांचें की, इसमें रक्तचाप के 133 तथा मधुमेह के 64 मरीजों का चिन्हांकन किया गया। जिन्हें हेल्थकार्ड देकर आगे की जाँच के लिए रेफर किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि 30 दिसम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए, जिसमें विभिन्न परामर्श, उपचार, औषधि एवं जांच संबंधित सेवाएं प्रदान की गई। 14 जनवरी 2026 तक 34631 घरों का सर्वे किया गया, जिसमें 162558 स्क्रीनिंग की गई। 15 जनवरी तक कुल 441 विभिन्न चिकित्सालयों में भर्ती हुए, जिसमें से 424 स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं, 11 वार्ड में उपचाररत हैं तथा 6 आई.सी.यू. में भर्ती है। भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में स्थिति तेजी से सामान्य होती जा रही है। गुरुवार को ओपीडी के 116 मरीजों में से मात्र 6 मरीज डायरिया के आए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया, किसी भी मरीज को रेफर नहीं किया गया। सर्वे, शिविर तथा ओपीडी में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, नर्सिंग ऑफिसर तथा चिकित्सकों द्वारा लगातार परामर्श दिया जा रहा है। 'अभियान स्वास्थ्यवर्धन' के अंतर्गत उपचार, परामर्श एवं जाँच की गई, जिसमें लोगों ने अपने आपको काफी सहज एवं सुरक्षित महसुस किया तथा उन्होंने कहा कि हेल्थ कार्ड के माध्यम से हमें अपने स्वास्थ्य सुचकांकों की जानकारी भी मिल रही है तथा स्वास्थ्य के स्तर का पता भी चल रहा है। दल द्वारा दिए गए परामर्श से यह भी जानकारी प्राप्त हो रही है, कि हमें किस तरह की जीवन शैली को अपनाना चाहिए, जिससे कि स्वयं, परिवार एवं समुदाय स्वस्थ रह सके। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्र में 02 एम्बुलेंस लगाई गई हैं तथा 24x7 चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है।

# पुलिस ने बचाई चाइना डोर में फंसे कबूतर की जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में चाइना डोर को लेकर संक्रांति के दिन पुलिस जगह-जगह अनाउंसमेंट कर लोगों को जागरुक करती रही, इसके बाद भी इस जानलेवा डोर की चपेट में आकर 19 लोग घायल हो गए। इंसान ही नहीं चाइना डोर से परिंदों की जान पर भी बन आई। शहर के जूनी इंदौर थाना क्षेत्र से ऐसा ही एक मामला सामने आया, जिसमें चाइना डोर में एक कबूतर फंस गया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और डोर काटकर कबूतर को बचाया और उसे इलाज के लिए पशु चिकित्सक के पास ले जाया गया।**




इंदौर पुलिस द्वारा परिंदे की जान बचाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में यह भी बताया गया है कि चाइना डोर इंसानों के साथ ही परिंदों की जान के लिए भी खतरा है। शहर में मकर संक्राति के दिन चाइना डोर से उड़ाई जा रही पतंगों के बीच कल भी परिंदे फंसने के मामले सामने आए थे। मकर संक्राति का पर्व पतंगों से रंग-बिरंगे आकाश का प्रतीक माना जाता है, लेकिन चाइनीज मांझे ने इस खुशी पर काली छाया डाल दी। इस जानलेवा मांझे के कारण आसमान में उड़ती पतंगों से एक दर्जन से अधिक पक्षी घायल हो गए और एक की मौत हो गई। दिनभर पक्षी प्रेमी संस्थाएं पक्षियों के उपचार में जुटी रहीं। चाइनीज मांझे की धार ने केवल पंखों को काटा, बल्कि कई परिंदों की सांसें भी रोक दीं। पेड़ों पर उलझे घायल पक्षी, कटे पंखों के साथ तड़पते हुए और सड़कों पर बिखरे बेजान शरीर मानव लापरवाही की कहानी बयां कर रहे थे। पक्षियों के संरक्षण करने वाली संस्था नवकार परिवार के रूपेंद्र जैन ने बताया कि बुधवार को मंगलमूर्ति नगर, आरटीओ रोड, पलासिया सहित अन्य स्थानों से आठ घायल पक्षियों को लाया गया, जिनमें से एक की मौत हो गई। घायलों का उपचार अंतिम चौराहे स्थित क्लीनिक पर कयिा जा रहा है। इसके बाद इन्हें हंकारगिरी स्थित पक्षी विहार में रखा जाएगा। चिड़ियाघर के एजुकेशन आफिसर निहार पारुलकर ने चेतावनी दी कि अगले दो-तीन दिन पक्षियों के लिए बेहद खतरनाक हैं, क्योंकि पेड़ों में उलझे पतंग और धागे उनके लिए घातक साबित हो सकते हैं।

18 को होलकर स्टेडियम में भिड़ेंगी दोनों टीमें

# इंदौर पहुंचे टीम इंडिया-न्यूजीलैंड के खिलाड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें गुरुवार को इंदौर पहुंच गई हैं। एयरपोर्ट पर सबसे पहले रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल, केएल राहुल, मो. सिराज, कोच गौतम गंभीर भी पहुंचे। टीम के सभी खिलाड़ी एयरपोर्ट से सीधे होटल के लिए रवाना हुए।**

दोनों टीमों के लिए अलग-अलग बसों का इंतजाम किया गया। इस बीच एयरपोर्ट और होटल में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। हर आने-जाने वालों की चेकिंग की जा रही है। इस मुकाबले के



लिए विराट कोहली और रोहित शर्मा भी इंदौर आने वाले हैं। इसको लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है। इंदौर में भारत और न्यूजीलैंड तीन मैचों की वनडे सीरीज का अंतिम मुकाबला खेलेंगी। दोनों टीमें 18 जनवरी को होलकर स्टेडियम में भिड़ेंगी। शाम के सत्र में कुछ खिलाड़ी अभ्यास के लिए स्टेडियम पहुंच सकते हैं। वहीं दोनों टीमें अगले दो दिन तक दोनों टीमें दोपहर और शाम के सत्र में ऑफिशियल प्रैक्टिस करेंगी। इस स्टेडियम की क्षमता 26 हजार दर्शकों की है। इंदौर के होलकर स्टेडियम में अब तक 7 वनडे मैच हो चुके हैं। अब तक सभी भारत ने जीते हैं। इंदौर में पिछला वनडे मुकाबला 2023 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था, जिसमें भारत ने जीत दर्ज की थी। मैच के दिन इंदौर में पूरे दिन में धूप निकलेगी। जिससे मैच में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी। टेम्परेचर 13 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। राजकोट में ओस इतनी ज्यादा नहीं होगी कि गेंद पकड़ने में दिक्कत हो, लेकिन ठंडे मौसम की वजह से पिच थोड़ी तेज हो सकती है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे और टी-20 सीरीज के मुकाबले टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स के चैनलों पर देख सकेंगे। इसके अलावा मैच की लाइव स्ट्रीमिंग जियो हॉट स्टार एप पर होगी।

## कोचिंग के लिए निकले दो छात्र लापता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। हीरानगर क्षेत्र में कोचिंग जाने के लिए घर से निकले दो छात्र लापता हो गए। देर रात तक दोनों के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने एक-दूसरे से संपर्क किया। इसके बाद कोचिंग संस्थान से जानकारी ली गई, जहां पता चला कि बुधवार को दोनों छात्र कोचिंग भी नहीं पहुंचे थे। इस पर रात में थाने पहुंचकर परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई। हीरानगर पुलिस के अनुसार, आयुष (15) और उसके दोस्त मोहित (12) के अपहरण के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। परिजनों ने बताया कि आयुष और मोहित बुधवार शाम करीब 5 बजे ईश्वर नगर स्थित कोचिंग जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन दोनों न तो कोचिंग पहुंचे और न ही रात तक घर लौटे। जब मोहित के परिजनों से संपर्क किया गया तो उन्होंने भी उसके घर नहीं पहुंचने की पुष्टि की। इसके बाद परिजनों की शंका के आधार पर पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज किया। आयुष और मोहित दोनों स्कूल के दोस्त हैं और 10वीं कक्षा में अध्ययनरत हैं। पुलिस ने आसपास के जिलों में भी दोनों बच्चों की सूचना साझा कर तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुशील पटेल के अनुसार, दोनों की अंतिम मोबाइल लोकेशन इंदौर शहर की ही सामने आई है, जबकि फिलहाल उनके मोबाइल फोन स्विच ऑफ आ रहे हैं। बच्चों की तलाश के लिए एक टीम गठित कर दी गई है।

# 23 लोगों की मौत मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा में दूषित पानी से 23 लोगों की मौत मामले में गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जिसमें मुख्य सचिव अनुराग जैन वर्चुअल उपस्थित हुए। सीएस ने कोर्ट को बताया कि मामले में जिम्मेदारों को निलंबित किया गया है और अस्पताल में भर्ती सभी लोगों का फ्री इलाज किया जा रहा है। जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें कई कोमोरबिड (दूसरी बीमारियां) थे। कोर्ट ने अगली सुनवाई 20 जनवरी को तय की है। जिसमें शासन को पूरी स्थिति स्पष्ट करते हुए विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।**

भागीरथपुरा में दूषित जल ने 23 लोगों की जिंदगी छिन ली। कई लोग आज भी इस दूषित पानी के कारण अस्पताल में भर्ती है, जबकि 3 लोग अभी भी वेंटिलेटर पर हैं। सैकड़ों लोग अस्पताल में अपना इलाज करा चुके हैं। अब भागीरथपुरा में नर्मदा और ड्रेनेज का काम तेजी से किया जा रहा है। हालांकि इस काम के चलते रास्ते उबड़-खाबड़ जरूर हो गए है, लेकिन लोगों को उम्मीद है कि इस काम से उनके यहां हुई त्रासदी से मुक्ति मिल जाएगी। भागीरथपुरा टंकी के पास बने गार्डन और भागीरथपुरा चौकी के सामने वाली रोड पर नर्मदा की लाइन डालने का काम शुरू हो गया है। नर्मदा के पाइप डालने के लिए यहां पर जेसीबी से सड़क खोदी जा रही थी। साथ ही यहां पर लाइन डालने के लिए पाइप रखे हुए थे। यहां काम करने वालों का कहना था कि नर्मदा की लाइन डालने का काम किया जा रहा है। यहीं से थोड़ा आगे बढ़ने पर भागीरथपुरा के अंदर जाने पर भी ड्रेनेज और नर्मदा लाइन का काम किया जा रहा था। यहां एक चाय की दुकान के सामने से जा रही रोड पर जेसीबी से जो खुदाई कर लाइन डाली गई, उसे भरने का काम चल रहा था। जिसके कारण यहां से लोगों की आवाजाही लगभग ना के बराबर ही थी। रास्ता बंद होने के कारण लोग गलियों से आना-जाना करते नजर आए।

# 300 किलो संदिग्ध पनीर और 1000 लीटर पामोलीन तेल जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मूसाखेड़ी चौराहा स्थित मां कृपा डेयरी पर गुरुवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सामान जब्त किया। इसमें नकली पनीर की आशंका में 300 किलो पनीर और लगभग एक हजार लीटर पामोलीन तेल जब्त किया। साथ ही पंजीयन वैध नहीं होने के कारण निर्माण एवं विक्रय कार्य आगामी आदेश तक के लिए अवरुद्ध करवाया गया।**



मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव द्वारा इंदौर में फूड एंड ड्रग लैब के उद्घाटन अवसर पर मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। उन्हीं निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में दल द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मूसाखेड़ी चौराहा स्थित मां कृपा डेयरी से पनीर, मिल्क मिल्क, मिल्क केक, घी एवं फ्रायोलीन पामोलीन तेल का नमूना जांच के लिए लेकर शेष लगभग 300 किलो पनीर, लगभग कीमत 11 लाख रुपए जब्त किया। साथ ही 64 टीन पामोलिन तेल कुल मात्रा लगभग एक हजार किलो कीमत दो लाख रुपए लगभग जब्त किया गया। जांच के दौरान पंजीयन वैध नहीं होने के कारण निर्माण एवं विक्रय कार्य आगामी आदेश तक के लिए अवरुद्ध करवाया गया। कलेक्टर वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लिए गए सभी नमूनों को विस्तृत जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा जा रहा है, जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## संगीत संध्या में 17 जनवरी को मधुर गीतों की सजेगी महफिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** म्यूजिकल संस्था संगीत सरीता द्वारा 17 जनवरी शनिवार को एमजी रोड स्थित इन्दौर प्रेस क्लब के सभागृह में में संध्या 6.45 बजे फिल्मी नगमों से सजी सुरमई संगीत संध्या का आयोजन रखा गया है जिसमें अश्विन व्यास, दीपक शर्मा, भूषण कुलकर्णी, राजू छाबड़ा, हर्ष मेहता, सुलेखा धमारिकर, पुनीता व्यास, ममता ठाकुर, वंदना नागर एवं श्रद्धा नागर प्रस्तुति देंगे। नववर्ष के अवसर पर हो रही इस संगीत संध्या में संगीत प्रेमियों को एक से बढ़कर एक गीत सुनने को मिलेंगे। शहर के चुनिंदा गायक एवं गायिकाएं अपनी प्रस्तुति देंगे जिसमें 1) आदमी मुसाफिर है (दीपक शर्मा/श्रद्धा नागर), 2) हम जिस रस्ते पे चले (हर्ष मेहता/वंदना नागर), 3) ये लड़का हाय अल्लाह (सुलेखा जी/भूषण कुलकर्णी), 4) हम तेरे बिन कहीं (राजू छाबड़ा/ममता ठाकुर), 5) आसमा के नीचे (अश्विनी व्यास/पुनीता व्यास), 6) एक तेरा साथ (दीपक शर्मा/वंदना नागर), 7) बिन तेरे सनम (भूषण जी/श्रद्धा नागर), 8) ये पर्दा हटा दो (हर्ष मेहता/पुनीता व्यास), 9) बाहों में तेरी मस्ती के घेरे (अश्विनी व्यास/ममता ठाकुर), 10) देखा एक ख्वाब (राजू छाबड़ा/सुलेखा जी), 11) लूटे कोई मन का नगर (दीपक शर्मा/पुनीता व्यास), 12) कांची रे कांची रे (भूषण जी/वंदना नागर), 13) प्यार करते है हम तुम्हे इतना (हर्ष मेहता/ ममता ठाकुर), 14) काहे को बुलाया मुझे बालमा (अश्विनी व्यास/श्रद्धा नागर), 15) गुन गुना रहे है भंवरे (भूषण जी/पुनीता व्यास), 16) पत्ता पत्ता बूटा बूटा (दीपक शर्मा/सुलेखा जी), 17) तेरी उम्मीद तेरा इंतेज़ार (राजू छाबड़ा /वंदना नागर), 18) अदाएं भी है (दीपक शर्मा/ममता ठाकुर), 19) गापू ची गापू ची (हर्ष मेहता/सुलेखा जी), 20) हवा के साथ साथ (राजू छाबड़ा/पुनीता व्यास), 21) जाने जिगर जाने मन (अश्विनी व्यास/वंदना नागर), 22) तुम से दूर रह के (भूषण जी/ममता ठाकुर), 23) तू यार तू ही दिलदार (राजू छाबड़ा/श्रद्धा नागर), 24) तुम आ गए हो (अश्विनी व्यास / सुलेखा जी), 25) दरिया किनारे एक बंगलो (हर्ष मेहता/श्रद्धा नागर)।

## महाराष्ट्र में बंधक मप्र के 36 लोगों की घर वापसी, छुड़ा लाई पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में रोजगार की तलाश कर रहे ग्रामीण लोगों को एजेंट बहला-फुसलाकर महाराष्ट्र लेकर जा रहे हैं। वहां इन्हें बंधक बनाकर बंधुआ मजदूरी कराई जाती है। प्रदेश के ऐसे ही 36 लोगों की पुलिस की तत्परता से घर वापसी कराई गई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मध्यप्रदेश के विदिशा और अशोकनगर पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए महाराष्ट्र में फंसे कुल 36 मजदूरों को सकुशल उनके अपनों के पास पहुंचाया। जिसमें थाना दीपनाखेड़ा, जिला विदिशा को जानकारी मिली थी कि जिले के बरबटपुर गांव के लगभग 20 मजदूर रोजगार के नाम पर महाराष्ट्र ले जाए गए हैं, जहां उन्हें बंधक बनाकर जबरन कार्य कराया जा रहा है और वे घर लौटने में असमर्थ हैं। दूसरे मामले में अशोकनगर में भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा 16 मजदूरों के महाराष्ट्र में फंसे होने की भी सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की थी। जांच में मजदूरों के ग्राम गिरोली, थाना वाशी, जिला धराशिवा (महाराष्ट्र) में बंधक होने की पुष्टि हुई। दोनों जिलों की संयुक्त टीमों को सक्रिय किया गया। पुलिस टीम द्वारा स्वयं महाराष्ट्र पहुंचकर मजदूरों से संपर्क स्थापित किया गया। तथा 36 महिला, पुरुष मजदूरों एवं बच्चों को सुरक्षित रूप से बस एवं रेल के माध्यम से उन्हें वापस लाया गया।

## ब्लैकमेलिंग से तंग आकर दे दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी के कोलार इलाके में रहने वाले नगर निगम कर्मचारी ने हनीट्रैप में फंसने के बाद ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर सुसाइड कर ली। युवक के साथ हनी ट्रैप हुआ जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। एक युवती ने विवाहित नगर निगम कर्मचारी को प्रेम जाल में फंसाया। इसके बाद निजी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे करीब 8 लाख रुपए ऐंठ लिए। लड़की लगातार और रकम देने का दबाव बना रही थी। युवती एक फर्जी टीआई के माध्यम से उसे धमकी देती थी। रेप केस में जेल भिजवाने की धौंस दी जाती थी। इससे तंग आकर युवक ने मंगलवार को जहर खा लिया और बुधवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से शुरू होकर 6 मार्च तक चलेगा




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से शुरू होगा और 6 मार्च तक चलेगा। 19 दिन के सत्र में 12 बैठकें होंगी और सात दिन अवकाश के चलते बैठकें नहीं होंगी। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू होने वाले सत्र में 16 से 20 फरवरी के बीच मोहन यादव सरकार का तीसरा बजट पेश होगा। डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा बजट पेश करेंगे। मोहन सरकार के बजट की तैयारियों के बीच विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन में कहा गया है कि 16 फरवरी से शुरू होने वाले सत्र में 20 फरवरी तक लगातार सत्र चलेगा। इसके बाद 23 से 27 फरवरी तक सदन की कार्यवाही चलेगी। 6 मार्च तक चलने वाले सत्र मार्च माह में अंतिम दो दिनों में 5 और छह मार्च को बैठकें होंगी। यह सोलहवीं विधानसभा का नौवां सत्र होगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लांच की मध्यप्रदेश स्पेसटेक नीति-2026

# राज्य सरकार एआई को नागरिक केंद्रित, पारदर्शी और कुशल शासन की आधारशिला के रूप में कर रही है स्थापित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार एआई को नागरिक-केंद्रित, पारदर्शी और कुशल शासन की आधारशिला के रूप में स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। एआई आधारित प्रशासनिक व्यवस्था और प्रबंधन, तकनीक-प्रौद्योगिकी और अकादमिक क्षेत्र में एआई आधारित नवाचार विकसित भारत@ 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रभावी रूप से सहायक होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर क्षेत्र में भारत को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं।**



### स्पेस टेक नीति - अंतरिक्ष आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीजनल एआई इंपैक्ट कॉन्फ्रेंस में प्रदेश की स्पेस टेक नीति लांच की। उन्होंने कहा कि नीति राज्य को भारत के उभरते अंतरिक्ष क्षेत्र में एक अग्रणी और भविष्य-उन्मुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। नीति के तहत स्पेस टेक स्टार्ट-अप्स, एमएसएमई और उद्योगों को वित्तीय, अवसंरचनात्मक और अनुसंधान सहयोग प्रदान कर कृषि, आपदा प्रबंधन, जल संसाधन एवं शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में अंतरिक्ष-आधारित अनुप्रयोगों को बढ़ावा दिया जाएगा। यह नीति निवेश, नवाचार और राष्ट्रीय अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में मध्यप्रदेश की भूमिका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा है कि एआई के उपयोग से प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी और निर्णय प्रक्रिया अधिक तेज, सटीक व नागरिक-केंद्रित होगी। मुख्य सचिव श्री जैन ने बताया कि यह कांफ्रेंस आगामी इंडिया एआई इंपैक्ट समिट-2026 से पूर्व देश में एआई इको सिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निर्धारित सतत आर्थिक विकास लक्ष्य को प्राप्त करने में गवर्नेंस में एआई की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मध्यप्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण का अध्ययन केंद्र और शंकराचार्य जी की साधना का केंद्र भी है। राज्य सरकार मानवीय संवेदनाओं के साथ आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार सभी विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एआई का उपयोग कर रही है। एआई वर्तमान समय में शासन, उद्योग और समाज के लिए एक परिवर्तनकारी शक्ति है। हमारा राज्य जल्द ही एआई नीति भी लाएगा और एआई के लिए मिशन मोड पर व्यापक रूप से कार्य किया जाएगा। प्रदेश के माइनिंग और हेल्थ सेक्टर में एआई के उपयोग की बड़ी संभावनाएं हैं। मध्यप्रदेश अपार संभावनाओं वाला राज्य है, जिसमें आगे बढ़ने की पर्याप्त क्षमता है। विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्ति में हमारी सरकार हर कदम पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन के अनुरूप कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को भोपाल के ताज लेक फ्रंट में 'मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026' का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एआई लिटरेसी मिशन के तहत फ्यूचर स्किल्स फॉर एआई पावर्ड भारत के लिए कौशल रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश स्पेस टेक नीति-2026 लांच की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में विभिन्न समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन सिंहस्थ-2028 के संचालन के लिए आयोजित उज्जैन महाकुंभ हैकाथॉन और मध्यप्रदेश इनोटेक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने "एआई फॉर पीपल, प्लेनेट एंड प्रोग्रेस-मध्यप्रदेश रोडमैप टू इंपैक्ट" पर राज्य का प्रमुख एआई विजन प्रस्तुत किया। एआई को राष्ट्रीय आंदोलन बनाने के उद्देश्य से एआई लिटरेसी मिशन के अंतर्गत आरंभ युवा एआई फॉर ऑल पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। एम.पी. राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक आशीष वशिष्ठ ने कॉन्फ्रेंस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एमपीएसईडीसी प्रदेश में एआई इंफ्रॉस्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए नोडल एजेंसी है।

# जेल तोड़कर भाग गए तीन कैदी एनकाउंटर के डर से वापस लौटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी, एजेंसी।** मध्यप्रदेश की एक जेल को तोड़ने के लिए कैदियों ने फिल्मी अंदाज में फुलप्रूफ प्लान बनाया, उस पर चलते हुए वे जेल से फरार होने में सफल हो गए। तीनों कैदी दुष्कर्म के केस में बंद थे। शाम को कैदियों की गिनती हुई और तीन कैदी कम मिले तो जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। सिवनी जिला जेल से बलात्कार के तीन आरोपी कैदी फिल्मी अंदाज में जेल की दीवार फांदकर फरार हो गए थे। जेल प्रशासन में हड़कंप के बाद पुलिस ने सर्चिंग शुरू की और सख्ती दिखाई तो चंद घंटों बाद परिजन खुद उन्हें लेकर जेल में बंद कराने पहुंच गए। दरअसल पुलिस ने तीनों के परिजन पर दबाव बनाकर फरार कैदियों को सरेंडर कराने की बात कही थी। यदि सरेंडर नहीं करते तो पुलिस उनका एनकाउंटर कर देगी। जिसके बाद परिजन दहशत में आ गए और देर रात परिजन खुद तीनों आरोपियों को लेकर सिवनी जिला जेल पहुंच गए थे। तीनों



कैदियों ने जेल प्रशासन के सामने सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने वाले आरोपियों की पहचान अंकित पिता श्रीवाल, विशाल पिता छिद्दी लाल और विशाल पिता ब्रह्मानंद के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरार हुए तीनों कैदियों ने जेल से भागने के लिए पूरी साजिश पहले से रची थी। कल दोपहर जेल के भीतर आपस में जानबूझकर झगड़ा किया, खुद को घायल दिखाया। और इलाज का बहाना बनाकर जेल अस्पताल पहुंचे थे।

# 10 लाख की जगह 1 लाख की मूर्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन, एजेंसी।** जिले में आदिवासी नायक टंट्या मामा 'रॉबिन हुड ऑफ इंडिया' की मूर्ति को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया है। नगर पालिका ने करीब 10 लाख रुपए की धातु (ब्रॉन्ज/पत्थर) की मूर्ति खरीदने का टेंडर जारी किया था। इसकी जगह करीब 1 लाख रुपए की फाइबर (FRP) से बनी मूर्ति लगा दी गई। विधायक बालकृष्ण पाटीदार और कलेक्टर भव्या मित्तल ने लोकार्पण भी कर दिया। मामला सामने आने के बाद आदिवासी समाज में नाराजगी है और प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। नगर पालिका परिषद ने 24 सितंबर 2025 को टंट्या मामा तिराहे के सौंदर्यीकरण के लिए 40 लाख रुपए की मंजूरी दी थी। बाद में जेम पोर्टल पर मूर्ति खरीदने का टेंडर डाला गया, जिसमें मूर्ति का मटेरियल ब्रॉन्ज, मार्बल या संगमरमर बताया गया था। टेंडर में 7.5 फीट ऊंची और करीब 300 किलो वजन की धातु की मूर्ति का उल्लेख था, लेकिन इसके उलट फाइबर की की मूर्ति मंगवा ली। जयस प्रदेश संरक्षक शिवभानु सिंह सोलंकी का कहना है क्रांतिवीर टंट्या मामा की कांसे की प्रतिमा लगाना थी। एक लाख रुपए की प्रतिमा लगाकर आदिवासी समाज की भावनाओं को आहत किया गया है। घोषणा अनुरूप मूर्ति नहीं लगाई जाती है तो चरण पद आंदोलन किया जाएगा। टंट्या मामा चौराहा पर पहले भी लगातार शराब दुकान हटाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। खरगोन नगर पालिका सीएमओ कमला कौल का कहना है पीआईसी की बैठक में कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर धातु की मूर्ति लगाने का निर्णय लिया है। मामले में जल्दबाजी में गलती तो हुई है। भौतिक सत्यापन नहीं करने वाले इंजीनियरों को नोटिस दिए गए हैं। विभागीय जांच भी करा रहे हैं। कंपनी का भुगतान रोक दिया गया है।

## मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन गीता भवन का किया अवलोकन



**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन प्रवास के दौरान शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय के समीप निर्माणाधीन गीता भवन का अवलोकन किया। जानकारी दी गई कि यह भवन जी प्लस टू निर्मित किया जाएगा, अप्रैल 2026 में इसके पूर्ण होना होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसकी निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी पीआईयू है। गीता भवन की कुल क्षमता 1250 सीटर होगी। इसका निर्माण 5.11 एकड़ में लागत लगभग 34 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है।

## संपादकीय

# युवा नेतृत्व और वरिष्ठों का अनुभव: भाजपा के नए संतुलन की परीक्षा

BJP के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को अगले हफ्ते राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना है। अभी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ही है। नितिन नबीन BJP में युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। 45 की उम्र में उन्हें जिम्मेदारी सौंपकर पार्टी ने पीढ़ीगत बदलाव का संकेत दिया है। लेकिन अब सबकी निगाहें नई राष्ट्रीय टीम पर टिकी हैं। नितिन नबीन के जरिए BJP का ये संदेश तो साफ है कि नई पीढ़ी तैयार करने में पार्टी पीछे नहीं रहेगी ताकि आगे चलकर संगठन संभालने वालों की कमी ना रहे। लेकिन सवाल है कि इसकी कितनी झलक नितिन नबीन की नई टीम में दिखेगी। माना जा रहा है कि पार्टी की जो नई राष्ट्रीय टीम बनेगी उसमें युवा ज्यादा हो सकते हैं पर सीनियर्स को भी अनदेखा नहीं किया जाएगा। एक नेता ने कहा कि पार्टी को युवा जोश चाहिए तो सीनियर्स के अनुभव की भी जरूरत है। ऐसे में नितिन नबीन के सामने चुनौती युवा और सीनियर्स की टीम को साथ लेकर चलने की होगी। BJP का संसदीय बोर्ड सबसे अहम होता है। किसे टिकट देना है, किसे सीएम उम्मीदवार बनाना है, पार्टी संविधान के मुताबिक ये सभी फैसले संसदीय बोर्ड में ही लिए जाते हैं। BJP के संसदीय बोर्ड में इस वक्त जेपी नड्डा (उम्र 65 साल) के अलावा पीएम नरेंद्र मोदी (75), अमित शाह (61), राजनाथ सिंह (74), सर्बानंद सोनोवाल (63), बीएस येदियुरप्पा (82), के. लक्ष्मण (69), इकबाल सिंह लालपुरा (71), सुधा यादव (60), सत्यनारायण जटिया (79) और बीएल संतोष (55) हैं। यानी लगभग सभी 60 साल से ज्यादा उम्र के हैं। नितिन नबीन खुद 45 साल के हैं तो इस बार संसदीय बोर्ड में कौन-कौन शामिल होते हैं, यह भी देखना होगा। पार्टी का संविधान कहता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष वही बन सकता है जो कम से कम चार अवधियों तक सक्रिय सदस्य और कम से कम 15 साल तक पार्टी का प्राथमिक सदस्य रहा हो। BJP के सांगठनिक चुनाव में सबसे पहले प्राथमिक समिति के चुनाव होते हैं। फिर मंडल स्तर पर और फिर जिला स्तर पर चुनाव होते हैं। इसके साथ ही प्रदेश स्तर का निर्वाचन मंडल चुना जाता है। प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए उस प्रदेश में विधानसभा की जितनी सीटें हैं, उतने सदस्य होते हैं। अगर कोई महिला चुन कर नहीं आती तो महिला का समायोजन करना होता है। उस प्रदेश में विधानसभा की जितनी सीटें आरक्षित हैं उतने ही उस आरक्षित समुदाय के लोग इस निर्वाचन मंडल में होते हैं। ये सब मिलकर प्रदेश अध्यक्ष को चुनते हैं। इसी समय राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन मंडल का भी चुनाव होता है जिसे राष्ट्रीय परिषद कहते हैं।

## महिला जगत

# क्रिकेट के पिच से पुलिस की वर्दी तक, जानिए ऋचा घोष की उपलब्धि



महिला विश्व कप 2025 में सफल होने के बाद से भारतीय महिला टीम की हर एक खिलाड़ी सुर्खियों में है। सभी की अपनी संघर्ष की कहानी है जो काफी प्रेरणादायक है। इन्हीं में से एक हैं ऋचा घोष। पश्चिम बंगाल के सिलिगुड़ी की गलियों से निकली इस लड़की की कहानी सच में प्रेरणा देती है। ऋचा जो कभी मोहल्ले के क्रिकेट मैदान में लड़कों के साथ खेलती थीं, ऐज भारतीय क्रिकेट टीम की  पहचान बन गई हैं। उनकी इस उपलब्धि के साथ ही एक सम्मान और जुड़ गया है। अब ऋचा घोष पश्चिम बंगाल पुलिस में डीएसपी के रुप में नई भूमिका निभा रही हैं।

### शुरुआत सिलिगुड़ी से, सपना भारत के लिए खेलने का

ऋचा घोष का जन्म 28 सितंबर 2003 को हुआ। उनके पिता का नाम मानब घोष है जो खुद एक क्रिकेट कोच हैं और उन्होंने ही बेटी के भीतर क्रिकेट के प्रति जुनून जगाया। छोटी उम्र में रिचा ने घर के आंगन में बल्ला थामा और देखते ही देखते मैदान में अपनी पहचान बना ली। सिर्फ 16 साल की उम्र में उन्होंने भारत की महिला क्रिकेट टीम में जगह बनाई। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि थी। विकेटकीपिंग के साथ उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने सबका ध्यान खींचा।

### महिला वर्ल्ड कप 2025 की शेरनी

ऋचा घोष का नाम तब सुर्खियों में आया जब उन्होंने 2025 महिला वनडे वर्ल्ड कप में भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी तेजतर्रार बल्लेबाजी और शानदार विकेटकीपिंग ने मैच को भारत के पक्ष में मोड़ दिया। उनकी उस इनिंग के बाद उन्हें महिला भारतीय क्रिकेट का भविष्य माना जाने लगा है।

### खेल से सेवा तक डीएसपी ऋचा घोष

ऋचा की कामयाबी सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं रही। हाल ही में पश्चिम बंगाल सरकार ने उन्हें राज्य पुलिस में डीएसपी (Deputy Superintendent of Police) पद पर नियुक्त किया। यह सम्मान न सिर्फ उनकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि उन तमाम लड़कियों के सपनों को पंख देता है जो खेल के साथ समाज सेवा में भी कुछ कर दिखाना चाहती हैं।

### ऋचा घोष की उपलब्धियां और सम्मान

वह भारतीय महिला टीम की सबसे युवा विकेटकीपर बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने साल 2025 महिला वर्ल्ड कप में निर्णायक इनिंग खेलने का गौरव प्राप्त किया। हाल ही में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा डीएसपी नियुक्ति किया गया है। कई बार प्लेयर ऑफ द मैच और बेस्ट विकेटकीपर अवार्ड भी हासिल कर चुकी हैं।



New Delhi

# संसद की सुरक्षा में चूक संयोग नहीं हो सकती, सांसदों के बीच गैस छोड़ने वालों से बोला दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि 13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में हुई चूक महज एक संयोग नहीं हो सकती। यह घटना, 2001 में संसद पर हुए आतंकी हमले की बरसी पर हुई थी। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति सुधा जैन की पीठ ने सुरक्षा चूक मामले में तीन आरोपियों - मनोरंजन डी, सागर शर्मा और ललित झा - की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

आरोपियों के वकील ने यह दलील दी कि दोनों घटनाओं के बीच कोई संबंध नहीं है क्योंकि इस मामले में



आरोपी केवल बेरोजगारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन इसपर पीठ ने कहा, 'यह संयोग नहीं हो सकता... 13 दिसंबर संयोग नहीं हो सकता।' आरोपियों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील ने कहा कि भले ही विरोध का यह तरीका सही न रहा हो, लेकिन उन्हें अनिश्चित काल तक जेल में नहीं रखा जाना चाहिए।

वकील ने कहा, 'उनमें गुस्सा था, लेकिन मैं पूरी तरह सहमत हूं कि विरोध का यह तरीका सही नहीं था। अगर हम इतिहास देखें, तो अंग्रेज भी लोगों को अनिश्चित काल तक जेल में नहीं रखते थे।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अभी तक आरोप तय नहीं किए गए हैं और आरोपी शिक्षित युवक हैं जिनका किसी आपराधिक मामले में पहले कोई संलिप्तता नहीं है।

Jammu

# पाकिस्तानी ड्रोन की फिर घुसपैठ

- सात दिन में तीसरी साजिश नाकाम...सेना ने बरसाईं गोलियां; वापस पीओके भागा



**जम्मू-कश्मीर, (एजेंसी)** नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे पुंछ जिले में एक बार फिर पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ का मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, दिग्वार तेड़वां क्षेत्र में एक पाकिस्तानी ड्रोन को कुछ मिनटों के लिए देखा गया। इसके बाद ड्रोन वापस पाकिस्तानी कब्जे वाले क्षेत्र में लौट गया। क्षेत्र में तैनात भारतीय सेना के जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध ड्रोन पर गोलाबारी की। इस घटना से सीमावर्ती इलाकों में एक बार फिर सरगर्मी बढ़ गई है। हालांकि, ड्रोन देखे जाने की इस घटना की अभी तक आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। सुरक्षा एजेंसियों ने इस घटना को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है और सीमावर्ती इलाकों में गश्त तेज कर दी है। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तानी ड्रोन भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले भी कई मौकों पर ऐसे प्रयास किए गए हैं, जिन्हें भारतीय सेना ने नाकाम किया है।

Uttarpradesh

## दो बच्चों को जहर देकर मां ने भी खाया, महिला-बेटी की मौत बेटे की हालत गंभीर

**सहारनपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। थाना गागलहेड़ी क्षेत्र के गांव बलियाखेड़ी में एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने दो मासूम बच्चों के साथ जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इस भयावह घटना में महिला और उसकी मासूम बेटी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका बेटा अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। घटना के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा है और मायके पक्ष ने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जानकारी के मुताबिक, यह दर्दनाक वाकया बृहस्पतिवार देर रात का है। गांव बलियाखेड़ी में रहने वाली महिला और उसके दो बच्चों की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। तीनों को तड़पता देख परिजनों के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों ने महिला और उसकी बेटी को मृत घोषित कर दिया। महिला के मासूम बेटे की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है, जिसे आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है।

New Delhi

## क्रॉकरी बनाने वाली फैक्टरी की लिफ्ट टूटने से दो मजदूरों की मौत, कारखाना सील

**नई दिल्ली, (एजेंसी) समयपुर बादली इलाके में क्रॉकरी बनाने वाली फैक्टरी की लिफ्ट टूटने से दो मजदूरों हरिओम (32) और संजय मिश्रा (45) की मौत हो गई। पुलिस ने फैक्टरी सील कर दी है। पुलिस ने लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया है और लिफ्ट टूटने के कारणों की तकनीकी जांच कर रही है।**

बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि 14 जनवरी की शाम करीब 5.20 बजे पुलिस को समयपुर बादली में एक फैक्टरी के लिफ्ट टूटकर गिरने और इसमें दो मजदूरों के घायल होने की जानकारी मिली। गली नंबर नौ में नेहा इंटरप्राइजेज नाम से क्रॉकरी बनाने वाली फैक्टरी में हादसा हुआ था।

पुलिस को पता चला कि घायलों पास के




अस्पताल में लेकर गए हैं, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में कर लिया। छानबीन में पता चला कि काम करने के दौरान दोनों फैक्टरी की अलग-अलग मंजिलों पर सामान ऊपर-नीचे ले जाने वाली लिफ्ट में चढ़े। तभी लिफ्ट की केबल टूट गई और लिफ्ट नीचे गिर गई।

खेल

# अमेरिका के खिलाफ जीत के लिए भारत को बहाना पड़ा पसीना, गेंदबाजों के बाद चमके अभिज्ञान कुंडू

**बुलावायो, (एजेंसी)** भारतीय अंडर-19 टीम ने विश्व कप में अपने अभियान की विजयी शुरुआत की है। भारत ने बारिश से बाधित मुकाबले में अमेरिका को छह विकेट से हराया। अमेरिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35.2 ओवर में 107 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने जब भारत उतरा तो मैच में बारिश ने खलल डाली जिस कारण मैच काफी देर तक रुका रहा। मैच दोबारा शुरू होने पर ओवर में कटौती की गई। भारत को 37 ओवर में 96 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। भारत ने 17.2 ओवर में चार विकेट पर 99 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत ने विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का विकेट जल्द गंवा दिया। वैभव दो रन बनाकर आउट हुए। वैभव के आउट होने के बाद बारिश ने




मैच में बाधा डाली। पहले खराब रोशनी के कारण मैच को रोकना पड़ा और फिर बारिश के कारण मैच दोबारा शुरू होने में देरी हुई। मैच शुरू होने पर भारत ने जल्द ही वेदांत त्रिवेदी का विकेट गंवा दिया जो दो रन बनाकर आउट हुए। फिर कप्तान आयुष म्हात्रे भी 19 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 19 रन बनाकर आउट हो गए।

भारत ने इस तरह 25 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे और टीम मुश्किल स्थिति में दिख रही थी। फिर विहान मल्होत्रा ने विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 43 गेंदों पर 45 रनों की साझेदारी हुई जिससे टीम का स्कोर 70 रन पहुंचा। लग रहा था कि ये दोनों बल्लेबाज ही मैच फिनिश कर देंगे, लेकिन कप्तान उत्कर्ष श्रीवास्तव ने विहान को अपना शिकार बनाकर भारत को चौथा झटका दिया। विहान 17 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 18 रन बनाकर आउट हुए। विहान भले ही मैच फिनिश नहीं कर सके, लेकिन कुंडू ने यह काम किया। उन्होंने कनिष्क चौहान के साथ मिलकर भारत को जीत दिलाई। कुंडू ने छक्का लगाकर जीत की औपचारिकता पूरी की। कुंडू 41 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 42 और कनिष्क 14 गेंदों पर 10 रन बनाकर नाबाद लौटे। अमेरिका के लिए रित्विक अपिदी ने दो विकेट लिए, जबकि ऋषभ शिम्पी और उत्कर्ष को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले भारत की ओर से तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने पांच विकेट झटके। वहीं, दीपेश देवेंद्रन, आरएस अम्ब्रिश, वैभव सूर्यवंशी और खिलन पटेल को एक-एक विकेट मिला। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। अमेरिका की ओर से सात खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके। इनमें से तीन खिलाड़ी कप्तान उत्कर्ष श्रीवास्तव, ऋषभ शिम्पी और रित्विक अप्पीडी खाता तक नहीं खोल सके।

सिनेमा

## तू मेरी मैं तेरा...के फ्लॉप होने पर कार्तिक आर्यन ने उठाया बड़ा कदम, जान हो जाएंगे हैरान



कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की फिल्म मैं तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। कार्तिक और अनन्या ने इस फिल्म का खूब जोर-शोर से प्रमोशन किया था, दोनों ने इसके लिए बहुत मेहनत भी की थी, लेकिन फिल्म चली नहीं। अब खबर आ रही है कि फिल्म के फेलियर पर कार्तिक ने एक बड़ा फैसला लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कार्तिक ने अपनी फीस से 15 करोड़ वापस कर दिए धर्मा प्रोडक्शन को। फिल्म के ना चलने पर कार्तिक ने ऐसा किया है। कार्तिक के इस फैसले को सुनकर कई लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं कि एक तरफ जहां लोग फिल्म की सक्सेस को ही सिर्फ सेलिब्रेट करते हैं। वहीं कार्तिक ने फेलियर पर कुछ फीस वापस कि ऐसा कम ही करते हैं। बता दें कि तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी जब रिलीज हुई तब धुरंधर का तूफान चल रहा था। उस वक्त रिलीज हुई ज्यादातर फिल्में चली नहीं हैं। वैसे कहा जा रहा है कि कार्तिक ने ऐसा पहली बार नहीं किया है जब उन्होंने मेकर्स की तरफ सपोर्ट जाहिर किया हो। इससे पहले जब शहजादा फिल्म नहीं चली थी तब भी उन्होंने अपनी फीस का कुछ हिस्सा वापस कर दिया था ताकि प्रोड्यूसर्स पर ज्यादा बोझ ना बने।

## Highlights

1. **No update from MEA: Family of Indian crew member detained by Iran in Dec**
2. **Why PhysicsWallah's Alakh Pandey thinks Gen Z isn't lazy at all**
3. **Dhanush–Vignesh Raja film titled Kara, posters unveiled on Pongal**
4. **Publish 24 lakh names deleted from Kerala's draft electoral rolls: SC to EC**
5. **Tej Pratap asks singer to not sing 'vulgar' songs at Patna event**

# IT stocks lead Sensex, Nifty 50 higher after Infosys raises revenue forecast

**NEW DEIHI, (Agency).** India's stock market rose today, supported by a surge in IT stocks after Infosys Ltd. raised its full-year revenue growth outlook.

At 10:20 am, the Nifty 50 rose 0.64% to 25,830.95, while the 30-share Sensex added 0.73% to 83,995.35. Fourteen of the 16 major sectors logged gains. The broader small-caps and mid-caps rose 0.4% and 0.8%, respectively.

The Nifty IT index was up 3% with all 10 constituents in the green, with Wipro Ltd. climbing 3% ahead of its quarterly results later in the day.

Infosys, India's No. 2 software services exporter, jumped 5%, its biggest intraday percentage rise in four months. That, after the IT bellwether unexpectedly raised its revenue forecast to 3%-3.5% from 2%-3% and signalled a healthy demand outlook, citing steady discretionary tech spending and renewed momentum in its core financial services business.



"Markets have received a boost from Infosys' results and commentary," Kranthi Bathini, director of equity strategy at WealthMills Securities, told Reuters. "With IT company valuations at attractive levels, there is buying interest and short-covering in the sector."

While the earnings season has started on a decent note with no major negative surprises so far, markets are struggling to sustain higher levels due to sustained foreign outflows and global trade and geopolitical headwinds, Bathini said.

Stocks in Focus

ICICI Prudential AMC Ltd. gained 6.3% after posting a 45% jump in Q3 profit.

Groww Ltd. jumped 7.2% after posting robust Q3 results that showed market-share gains across categories.

L&T Technology Services Ltd. fell 3.7% after missing analysts' expectations for quarterly profit and revenue growth.

Cipla Ltd. fell 2.4% after BofA Securities and Morgan Stanley flagged risks to its near-term earnings due to US headwinds.

# OpenAI, Microsoft lose last chance to avoid a trial with Elon Musk

**NEW DEIHI, (Agency).** OpenAI Inc. and Microsoft failed to escape a trial over Elon Musk's claims that Sam Altman's startup betrayed its founding mission as a public charity when it took billions in funding from the software giant and made plans to operate as a for-profit business.

On Thursday, a federal judge in Oakland California rejected requests by OpenAI and Microsoft to dismiss claims by Musk and ordered the case to proceed to a jury trial set for late April. Musk helped Altman and others launch OpenAI in 2015 and went on to found his own AI company in 2023.



"Mr. Musk's lawsuit continues to be baseless and a part of his ongoing pattern of harassment, and we look forward to demonstrating this at trial," OpenAI said in a statement. "We remain focused on empowering the OpenAI Foundation, which is already one of the best resourced nonprofits ever."

Elon Musk vs OpenAI, Microsoft: Court Proceedings

In her ruling, US District Judge Yvonne Gonzalez Rogers refused to throw out Musk's accusation that OpenAI breached its promise to operate as a charitable trust.

She wrote that while the evidence is unclear, Musk claims that his contributions to OpenAI "had a specific charitable purpose and that he attached two fundamental terms to it:

# ग्राहक बनकर पुलिस ने सौदा तय किया, 513 ग्राम एमडी ड्रग जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने 513 ग्राम एमडी ड्रग जब्त की है। इंदौर में इसकी कीमत करीब 3 हजार रुपए प्रति ग्राम बताई जा रही है। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपियों को सौदा करने के लिए बुलाया, इसके बाद उन्हें मौके से पकड़ लिया।**

डीसीपी राजेश त्रिपाठी के मुताबिक, क्राइम ब्रांच की टीम ने निखिल वदानिया, निवासी मंदसौर, मुकेश धनगर उर्फ बबलू, निवासी मंदसौर, और कमलेश गायरी, निवासी राजस्थान को गिरफ्तार किया है। आरोपी ड्रग सप्लाई करने का काम करते थे। जब वे बाइक से माल लेकर पहुंचे और क्राइम ब्रांच की टीम को देखा तो भागने लगे। इस बीच गिरने के दौरान तीनों घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, निखिल पर पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें मंदसौर पुलिस कार्रवाई कर चुकी है। आरोपियों के पास से क्राइम ब्रांच की टीम ने एक बाइक, एमडी ड्रग और तीन मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त माल की कीमत भारतीय मुद्रा में 15 लाख रुपए से अधिक आंकी गई है। शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि तीनों आरोपी ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं हैं और दिहाड़ी मजदूरी का काम करते थे। ज्यादा पैसे कमाने के लालच में उन्होंने यह अवैध कारोबार शुरू किया। हालांकि, जांच में यह भी सामने आया है कि वे केवल ड्रग की डिलीवरी करते थे, जबकि इसके पीछे सक्रिय तस्कर कोई और हैं। क्राइम ब्रांच अब उन आरोपियों की जानकारी जुटा रही है।



# घर की चौथी मंजिल से कूदे युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। लसूड़िया क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने अपने घर के चौथे माले से छलांग लगा दी। बताया जा रहा है कि युवक शराब पीने जा रहा था, जिसे उसके पिता ने रोक दिया। इसके बाद वह घर की छत पर पहुंचा और वहां से कूद गया। गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक घटना गोल्डन पाम टाउनशिप की है। यहां बुधवार रात वैभव (28) पिता राकेश गायकवाड़ ने अपने घर के चौथे माले से कूदकर जान दे दी। घायल अवस्था में पिता और अन्य परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। पिता ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि शाम को वैभव ने शराब पी थी। इसके बाद रात में वह दोबारा शराब पीने की जिद कर रहा था। इसी कारण उसे नीचे के गेट पर ताला लगाकर रोक दिया गया। इससे नाराज होकर वैभव ऊपर चला गया और उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। वैभव अमेरिका की एक निजी कंपनी के लिए सॉफ्टवेयर का काम करता था और घर से ही वर्क फ्रॉम होम कर रहा था। परिवार में उसका एक बड़ा भाई भी है।

# सब्जी लेने घर से पैदल निकले युवक की कार की टक्कर से मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वह अपने घर से पैदल सब्जी लेने जा रहा था, तभी तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले में अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है।**

लसूड़िया पुलिस के अनुसार घटना ओमेक्स सिटी वन क्षेत्र की है। बुधवार शाम सीताराम जाटव (46) पुत्र तुलसीराम जाटव निवासी नार्थ मोहल्ला सड़क पार करते समय हादसे का शिकार हो गया। तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

## ● काफी देर सड़क पर पड़ा रहा सीताराम

हादसे के बाद सीताराम काफी देर तक सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा रहा। स्थानीय लोगों ने उसे एम्बुलेंस से एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सीताराम का घर घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर है। वह रोजाना की तरह पैदल ही मंडी की ओर सामान लेने निकले थे। सीताराम के परिवार में दो बेटे हैं, जबकि उनके माता-पिता और अन्य परिजन शिवपुरी में रहते हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारने वाली कार की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि वाहन की पहचान होते ही आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक